# मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी जिला बिलासपुर हिमाचल प्रदेश के लेखाओं का अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन

## अवधि 1.1.2012 से 31.12.2013

## भाग–एक

1 **प्रस्तावनाः–**

**(क)** हिमाचल प्रदेश हिन्दु सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 23 (2) (ग)(2) तथा हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या भाषा (A)3–3/85–पार्ट–II दिनांक 17.1.1989 के दृष्टिगत, मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी के अवधि 1/12 से 12/13 के लेखाओं का अंकेक्षण इस विभाग द्वारा किया गया।

**(ख) अंकेक्षणाधीन अवधि के दौरान मन्दिर न्यास श्री नयना देवी के महत्वपूर्ण पदों पर निम्नलिखित अधिकारी कार्यरत्त रहे हैः–**

**(क) उपायुक्त बिलासपुर एवं आयुक्त श्री नयना देवी जी मन्दिर न्यास**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री रितेष चौहान | 01.01.12 से 07.01.13 |
| 2 | डा0 अजय शर्मा | 10.01.13 से 31.12.13 |

**(ख) उपमण्डलाधिकारी (ना) बिलासपुर एवं अध्यक्ष मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री संदीप कदम | 01.01.12 से 02.05.12 |
| 2 | श्री रोहन चन्द ठाकुर | 02.05.12 से 16.01.13 |
| 3 | श्री एम0एल0 मैहता | 29.01.13 से 31.12.13 |

**(ग) मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी**

| क्र0सं0 | अधिकारी का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | श्री सुखदेव ठाकुर | 01.01.12 से 25.03.13 |
| 2 | श्री मदन लाल शर्मा | 28.03.13 से लगातार |

**(ग) गम्भीर अनियमितताओं का सारः–**

**मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी के अंकेक्षण अवधि 1/2012 से 12/2013 के अंकेक्षण प्रतिवेदन में पाई गई गम्भीर अनियमितताओं का सार निम्न प्रकार से हैः–**

| क्र0सं0 | पैरा सं0 | विवरण | ₹ लाख में |
|---|---|---|---|

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1 | 9 | मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी द्वारा करवाई गई निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज में से विभिन्न बैंक द्वारा स्त्रोत पर काटे गये टी.डी.एस. की वसूली न करने बारे | 2.96 |
| 2 | 10 | कम दरों पर राशि निवेशित करने के कारण ब्याज की कम प्राप्ति करने बारे | 3.40 |
| 3 | 15 | मातृ छाया भवन को किराये पर देने पर ठेकेदार से शेष किराये की वसूली न करने बारे | 8.11 |
| 4 | 16 | मन्दिर न्यास की दुकानों के किराये की बकाया राशि की वसूली न करने बारे | 3.77 |
| 5 | 17 | समाचार पत्रों, मैगजीन, स्मारिका, सोविनियर में दिये विज्ञापनों पर अनियमित व्यय करने बारे | 2.84 |
| 6 | 18 | मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी के कर्मचारियों को मकान किराये भत्ते के फलस्वरूप अधिक भुगतान करने बारे | 0.56 |
| 7 | 20 | मन्दिर न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 के रूप में मूल वेतन की निर्धारित अधिकतम सीमा की राशि के स्थान पर पूरे मूल वेतन पर 12 प्रतिशत की दर से बराबरी का अंशदान करने के फलस्वरूप न्यास निधि से अंशदान की राशि का अधिक भुगतान करना | 23.79 |
| 8 | 21 | मन्दिर न्यास के कर्मचारियों को मेला भत्ते/मानदेय के रूप में अनुचित भुगतान करना | 7.92 |
| 9 | 22 | जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर को ऋण के रूप में भुगतान की गई राशि को वापिस मन्दिर न्यास निधि में जमा न करवाने बारे | 1.20 |
| 10 | 23 | मन्दिर न्यास द्वारा मेला प्रबन्धन पर होने वाले प्रशासनिक व्यय को आय में से न घटाने पर पुजारियों को हिस्सेदारी की राशि का अधिक भुगतान करना | 49.26 |

### (घ) गत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–

गत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में समाविष्ट अनुच्छेदों/पैरो पर की गई कार्रवाई का अवलोकन वर्तमान अंकेक्षण के दौरान किया गया। इसके अतिरिक्त मन्दिर न्यास के अधिकारियों द्वारा वर्तमान अंकेक्षण अनिर्णीत पैरों के निपटारे हेतु की गई कार्रवाई पर निदेशक व अतिरिक्त निदेशक महोदय स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग के दिनाँक 12.12.2014 के निरीक्षण के दौरान पैरों का स्थल पर निपटारा किये जाने के पश्चात अनिर्णीत पैरों की वर्तमान स्थिति का विवरण **परिशिष्ट "A"** में दिया गया है।

## भाग–दो

### 2 वर्तमान अंकेक्षणः–

मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी के अवधि 1/2012 से 12/2013 के लेखों का वर्तमान अंकेक्षण/जाँच परीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती अनुच्छेदों में दिये गये हैं, श्री तारा चन्द महन्त (सहायक नियन्त्रक), श्री चम्बेल सिंह परमार (अनुभाग अधिकारी) तथा श्री पुनीत कुमार (आर्टिकल सहायक) द्वारा दिनाँक 25.08.14 से 12.13.14 के दौरान श्री नयना देवी जी में किया गया। आय की विस्तृत जाँच हेतु माह 7/2012, 8/2013 तथा व्यय की विस्तृत जाँच हेतु माह 10/2012, 10/2013 का चयन किया गया। मन्दिर न्यास द्वारा संचालित दुकानों के लेखों की आय की विस्तृत जाँच हेतु माह 4/2012, 4/2013 तथा व्यय की विस्तृत जाँच हेतु व माह 2/2012, 8/2013 का चयन किया गया।

इस अंकेक्षण प्रतिवेदन को मन्दिर न्यास के द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचनाओं एवं अंकेक्षण में उपलब्ध करवाए गए अभिलेख के आधार पर तैयार किया गया है। मन्दिर न्यास द्वारा उपलब्ध करवाई गई किसी भी प्रकार की गलत सूचना अथवा सूचना जो उपलब्ध नहीं करवाई गई है, की स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग जिम्मेवारी लेने से इन्कार करता है।

## 3 अंकेक्षण शुल्कः—

मन्दिर न्यास श्री नयना देंवी जी के अवधि 1.1.2012 से 31.12.2013 के लेखाओं के लेखा परीक्षण एवं निरीक्षण हेतु अंकेक्षण शुल्क हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या फिन(एल0ए0—1—453/92 दिनांक 6.7.2001 तथा नं0 1—459/92—फिन (एल0ए0)—खण्ड—1—6621 दिनाँक 1.11.2014 के अनुसार ₹161100/— आंका गया है। अंकेक्षण शुल्क की उक्त राशि को राजकीय कोष में जमा करवाने हेतु मन्दिर अधिकारी से अंकेक्षण अधियाचना संख्या ए0सी0 (आडिट) 452 दिनाँक 11.12.2014 द्वारा अनुरोध किया गया। अतः उपरोक्त राशि को रेखाँकिंत बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—171009 को भेजी जानी सुनिश्चित की जाये।

## 4 वितीय स्थितिः—

**(क)** मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी द्वारा प्रस्तुत न्यास के अंकेक्षण अवधि 1/2012 से 12/2013 के लेखाओं की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से रही जिसका विस्तृत विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "B"** पर भी दिया गया है।

**वर्ष 2012**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **1.1.12 को प्रारम्भिक शेष** | **140382364.53** |
| 2 | वर्ष के दौरान चढ़त के रूप में प्राप्त आय | 173616588.01 |
| 3 | बचत खातों व सावधि पर प्राप्त ब्याज | 9348390.90 |
| 4 | **कुल योग** | **323347343.44** |
| 5 | वर्ष के दौरान किया गया व्यय | 123894875.35 |
| 6 | **दिनाँक 31.12.12 को अन्तशेष** | **₹199452468.09** |

## वर्ष 2013

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **1.1.13 को प्रारम्भिक शेष** | **199452468.09** |
| 2 | वर्ष के दौरान चढ़त के रूप में प्राप्त आय | 161249999.55 |
| 3 | बचत खातों व सावधि पर प्राप्त ब्याज | 18909302.03 |
| 4 | **कुल योग** | **379611769.67** |
| 5 | वर्ष के दौरान किया गया व्यय | 114654330.21 |
| 6 | **दिनाँक 31.12.13 को अन्तशेष** | **₹264957439.46** |

**(ख) दिनाँक 31.12.13 को अन्तशेष राशि का विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| | |
|---|---|
| सावधि जमा में निवेशित राशि | 209585305.72 |
| बचत खाते में जमा राशि | 54463689.74 |
| हस्तगत राशि | 953678.00 |
| **योग** | **265002673.46** |
| चैक जारी परन्तु बैंक से भुनाये नहीं गये | (–) 45234.00 |
| दिनाँक 31.12.13 को कुल राशि | 264957439.46 |

**(i) सावधि जमा खाते में शेष राशि का विवरण निम्न है:–**

| क्र0सं0 | बैंक का नाम | राशि |
|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा श्री नयना देवी जी | 119596688.00 |
| 2 | हि0प्र0 राज्य को0 बैंक शाखा श्री नयना देवी जी | 62772727.00 |
| 3 | हि0प्र0 राज्य को0 बैंक शाखा बिलासपुर | 1392528.00 |
| 4 | भारतीय स्टेट बैंक बिलासपुर | 5690721.00 |
| 5 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक शाखा आनंदपुर साहिब | 13988956.72 |
| 6 | पंजाब नैशनल बैंक बिलासपुर | 5341817.00 |
| 7 | स्टेट बैंक ऑफ पटियाला बिलासपुर | 801868.00 |
| | **कुल योग** | **₹209585305.72** |

**(ii) बचत खातों में जमा राशि का विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| क्र0सं0 | बैंक का नाम | खाता संख्या | 31.12.13 को जमा राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा श्री नयना देवी जी | 11530527497 | 5720627.36 |
| 2 | हि0प्र0 राज्य को0 बैंक शाखा श्री नयना देवी जी | 100001 | 8156700.46 |
| 3 | हि0प्र0 राज्य को0 बैंक शाखा बिलासपुर | 6168 | 14185.95 |
| 4 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिलासपुर | 3029377 | 129442.67 |
| 5 | पंजाब नैशनल बैंक शाखा बिलासपुर | 8899696 | 1009918.00 |
| 6 | एच0डी0एफ0सी0 बैंक आनंन्दपुर साहिब | 50000129 | 38227032.30 |
| 7 | भारतीय स्टेट बैंक शाखा बिलासपुर | 33306368532 | 1205783.00 |
| | **कुल जमा** | | **54463689.74** |

**(iii) हस्तगत राशि का विवरण**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री विरेन्द्र कुमार को जारी राशि | 923678.00 |
| 2 | स्थाई नगदी | 30000.00 |
| | **योग** | **953678.00** |

**(iv) दिनाँक 31.12.13 तक चैक जारी किये गये परन्तु भुगतान हेतु बैंक से भुनाये नहीं गये है**

| **क्र0सं0** | **दिनाँक** | **चैक नं0** | **राशि** |
|---|---|---|---|
| 1 | 16.9.13 | 259953 | 8237 |
| 2 | 30.12.13 | 374827 | 27884 |
| 3 | 31.12.13 | 864606 | 6975 |
| 4 | 31.12.13 | 864608 | 2138 |
| | | **कुल योग** | **₹45234** |

**(ग) मन्दिर न्यास द्वारा प्रस्तुत न्यास द्वारा संचालित दुकान की अवधि 1/2012 से 12/2013 की वित्तीय स्थिति निम्न प्रकार से है:–**

**वर्ष 2012**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **1.1.12 को प्रारम्भिक भोष** | **1206263.42** |
| 2 | वर्ष के दौरान प्राप्त आय | 13202980.00 |
| 3 | वर्ष में प्राप्त ब्याज | 180497.00 |
| 4 | नीलामी से प्राप्त आय | 31700.00 |
| 5 | **कुल जमा राशि** | **14621440.42** |
| 6 | वर्ष के दौरान किया गया व्यय राशि | 14167883.00 |
| 7 | **अन्तशेष राशि** | **453557.42** |

**वर्ष 2013**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | **1.1.13 को प्रारम्भिक शेष** | **453557.42** |
| 2 | वर्ष के दौरान प्राप्त आय | 12227396.00 |
| 3 | वर्ष में प्राप्त ब्याज | 107717.00 |
| 4 | नीलामी से प्राप्त आय | 30390.00 |
| 5 | **कुल जमा राशि** | **12819060.42** |
| 6 | वर्ष के दौरान किया गया व्यय | 12758975.00 |
| | **31.12.2013 को अन्तशेष राशि** | **60085.42** |

**दिनाँक 31.12.2013 को मन्दिर न्यास द्वारा संचालित दुकान की राशि के अन्तशेष विवरण निम्न प्रकार से है:–**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | बचत खाता संख्या 620 हि0प्र0 राज्य सहकारी बैंक में जमा राशि | 1457.55 |
| 2 | भारतीय स्टेट बैंक खाता संख्या 11530527588 में जमा राशि | 18327.87 |
| 3 | हस्तगत राशि | 40300.00 |
| 4 | **कुल जमा राशि** | **60085.42** |

**(घ)** अंकेक्षणाधीन अवधि में मन्दिर न्यास द्वारा संचालित दुकान की आय से निम्न राशियाँ सावधि जमा राशि योजना में निवेशित की गई थी जोकि दिनाँक 31.12.2013 से पूर्व ही परिपक्वता पर भुना ली गई। इस प्रकार दिनाँक 31.12.2013 को सावधि में जमा राशि का शेष शून्य रहा।

| क्र0 सं0 | एफ0डी0आर0 नं0 | निवेशित दिनाँक | निवेशित राशि | अवधि | ब्याज दर | परिपक्वता राशि | परिपक्वता दिनाँक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 846153 | 11.4.13 | 400000 | 260 दिन | 7.50% | 421370 | 27.12.13 |
| 2 | 946333 | 27.6.13 | 800000 | 183 दिन | 7.50% | 830082 | 27.12.13 |
| 3 | 946605 | 8.11.13 | 800000 | 48 दिन | 6.75% | 807101 | 26.12.13 |
| | **योग** | | **2000000** | | | **2058553** | |

**5 सोनाः–**

**(क)** मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2012 व वर्ष 2013 के दौरान प्राप्त सोने की मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से थाः–

| | किवन्टल | किलो | ग्राम | मि0ग्रा0 |
|---|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष (दिनांक 01.01.2012) | 1 | 35 | 399 | 948 |
| वर्ष 2012 में प्राप्त मात्रा | 0 | 5 | 483 | 510 |
| वर्ष 2013 में प्राप्त मात्रा | 0 | 5 | 701 | 300 |
| **योग** | **1** | **46** | **584** | **758** |

**दिनांक 31.12.2013 को सोने की शेष मात्रा का विवरणः–**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूजा अर्चना के लिए सोने की मात्रा | 0 | 17 | 437 | 527 |
| सीलड गाठो में | 0 | 52 | 807 | 147 |
| गोल्ड ब्रांड योजना में निवेशित | 0 | 54 | 101 | 910 |
| ईन्टो के रूप में | 0 | 22 | 238 | 174 |
| **योग** | **1** | **46** | **584** | **758** |

**(ख)** मुख्या गल्ला रजिस्टर के अनुसार दिनाँक 17.05.13 को एक ग्राम सौ मिली ग्राम सोना प्राप्त हुआ था, लेकिन सोना प्राप्ति रजिस्टर में प्रविष्टि करते समय एक ग्राम सोना ही प्राप्त किया गया दर्शाया गया था तथा 100 मिली ग्राम सोना कम प्राप्त किया गया दर्शाया गया था। लेखा परीक्षा के दौरान आपत्ति उठाये जाने पर दिनाँक 15.9.2014 को सोना स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 67 पर 100 मिली ग्राम सोने की प्राप्ति की प्रविष्टि कर दी गई जिसकी पुष्टि कर ली गई है। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह की पुनरावृति न हो इसके लिए आन्तरिक जाँच को सुदृढ़ किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**(ग) गोल्ड ब्रॉंड योजना में निवेशित सोने पर प्रमाण पत्र संख्या 00628B005437 तथा प्रमाण पत्र संख्या 00628B005493 पर वर्ष 2013—14 के लिए ब्याज की प्राप्ति न होनाः—**

गोल्ड ब्रॉंड योजना के अन्तर्गत विभिन्न प्रमाण पत्रों के अनुसार निवेशित मात्रा पर वर्ष 2011—12, 2012—13 व 2013—14 के दौरान निम्नविवरणानुसार ब्याज प्राप्त हुआ था।

| क्र0 सं0 | प्रमाण पत्र सं0 | निवेशित मात्रा | | | निवेश की तिथि | ब्याज प्राप्ति का विवरण | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **कि0** | **ग्रा0** | **मि0ग्रा0** | | **2011—12** | **2012—13** | **2013—14** |
| 1 | 00628B005437 | 21 | 892 | 050 | 16.03.09 | 805867 | 842995 | — |
| 2 | 00628B005438 | 18 | 710 | 000 | 31.10.09 | 701741 | 734162 | 681408 |
| 3 | 00628B005493 | 13 | 499 | 860 | 06.11.09 | 516066 | 539000 | — |
| | **योग** | **54** | **101** | **910** | | **2023674** | **2116157** | **681408** |

उपरोक्त विवरणानुसार प्रमाण पत्र संख्या 00628B005437 व प्रमाण पत्र संख्या 00628B5493 के अन्तर्गत गोल्ड ब्रॉंड योजना में निवेशित सोने पर वर्ष 2013—14 में ब्याज प्राप्त नहीं हुआ था, जिसकी प्राप्ति बारे मामला सम्बन्धित बैंक से उठाकर वर्ष 2013—14 में प्राप्ति योग्य ब्याज प्राप्त करके अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

## 6 चांदीः—

**(क)** मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2012 व वर्ष 2013 के दौरान प्राप्त चाँदी की मात्रा का विवरण निम्न प्रकार से थाः—

| | **क्विंटल** | **किलो** | **ग्राम** | **मि0ग्राम0** |
|---|---|---|---|---|
| प्रारम्भिक शेष (दिनांक 01.01.2012) | 49 | 23 | 553 | 589 |
| वर्ष 2012 में प्राप्त मात्रा | 3 | 29 | 858 | 770 |
| वर्ष 2013 में प्राप्त मात्रा | 2 | 94 | 419 | 960 |
| **योग** | **55** | **47** | **832** | **319** |

**दिनांक 31.12.2013 को चांदी की भोष मात्रा का विवरणः—**

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| पूजा अर्चना के लिए चांदी | 3 | 99 | 189 | 190 |
| सीलड गांठों में | 38 | 66 | 418 | 780 |
| ईन्टों के रूप में | 12 | 82 | 224 | 349 |
| **योग** | **55** | **47** | **832** | **319** |

**(ख)** मुख्या गल्ला रजिस्टर के पृष्ठ 318 पर दिनाँक 24.07.2013 को 546 ग्राम 300 मिली ग्राम चाँदी प्राप्त हुई थी, लेकिन चाँदी के स्टॉक रजिस्टर मे प्रविष्टि करते समय पृष्ठ 153 पर 546 ग्राम चाँदी की प्राप्ति दर्शाई गई थी तथा इस प्रकार 300 मिली ग्राम चाँदी कम प्राप्त दर्शाई गई थी। लेखा परीक्षा के दौरान आपत्ति उठाये जाने पर दिनाँक 15.9.2014 को स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 167 पर 300 मिली ग्राम चाँदी की प्राप्ति की प्रविष्टि कर दी गई जिसकी पुष्टि लेखा

परीक्षा के दौरान कर ली गई। अतः परामर्श दिया जाता है कि भविष्य में इस तरह की अनियमितता को न दोहराया जाना सुनिश्चित किया जाए।

## 7 विदेशी मुद्राः–

मन्दिर न्यास द्वारा दान स्वरूप प्राप्त विदेशी मुद्रा की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार मुख्य गल्ला में प्राप्त विदेशी मुद्रा की विदेशी मुद्रा रजिस्टर में प्रविष्टि नहीं की गई। अतः मुख्य गल्ला रजिस्टर के अनुसार प्राप्त विदेशी मुद्रा की विदेशी मुद्रा रजिस्टर में प्रविष्टि न करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये तथा विदेशी मुद्रा के मूल्य के बराबर राशि चूककर्ता से वसूली करके अपेक्षित राशि मन्दिर न्यास निधि में जमा की जानी सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | विदेशी मुद्रा पृ0सं0 | प्राप्ति की तिथि | देश का नाम | प्राप्त विदेशी मुद्रा | जमा विदेशी मुद्रा | कम जमा विदेशी मुद्रा |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 332 | 7.8.13 | सिंगापुर<br>गलेशिया | 2 डालर<br>1 आरएम | 2 डालर | 1 आरएम |
| 2 | 333 | 8.8.13 | साऊदी अरब | 1 रियाल | – | 1 रियाल |

## 8 फटे पुराने नोटों को निर्धारित कमीशन से कम पर बदलने के कारण ₹27745/– की हानिः–

कण्डम नोट रजिस्टर के अनुसार दिनाँक 6.7.2012 से 22.08.2013 के दौरान पृष्ठ 76 से 86 पर ₹99234/– के कण्डम नोट प्राप्त हुये थे। कण्डम नोटों को समय–समय पर 6 प्रतिशत कमीशन पर बैंक को दिया गया तथा कमीशन काटने के उपरान्त निम्न विवरणानुसार ₹67535/– प्राप्त हुई थी।

| कम सं0 | कण्डम नोट | बैंक द्वारा काटा गया कमीशन | प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|
| (i) | 67590 | 4055 | 65535 |
| (ii) | 31644 | 29644 | 2000 |
| (iii) | 99234 | 33699 | 67535 |

उपरोक्त विवरणानुसार कम संख्या (i) के ₹67590/– पर 6 प्रतिशत कमीशन के पश्चात ₹65535/– प्राप्त हुये थे तथा कम संख्या (ii) के ₹31644/– पर मात्र ₹2000 ही प्राप्त हुये थे। यदि इन नोटों को भी 6 प्रतिशत कमीशन पर बैंक को दिया होता तो इन पर ₹1899 (31644X6%) कमीशन के पश्चात ₹29745 प्राप्त होनी अपेक्षित थी। अतः कम संख्या (ii) के कण्डम नोटों को 6 प्रतिशत कमीशन पर काटने हेतु ऐजेन्ट को न देने पर

₹27745/– (₹29745–₹2000) की हानि हुई है, जिसके बारे औचित्य स्पष्ट किया जाये। इसके अतिरिक्त प्राप्त कण्डम नोटों को लगभग एक वर्ष से अधिक अवधि के पश्चात ऐजेन्ट को दिया गया था। अतः भविष्य में इतनी लम्बी अवधि तक कण्डम नोट मन्दिर ट्रस्ट में न रखते हुये उन्हें समय–समय पर एजेन्ट को देकर अपेक्षित राशि प्राप्त करनी सुनिश्चित की जाए।

**9 मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी द्वारा करवाई गई निवेशित राशियों पर प्राप्त ब्याज में से विभिन्न बैंक द्वारा स्त्रोत पर काटे गये टी.डी.एस. की ₹296437/– की वसूली न करने बारेः–**

अंकेक्षण में जाँच के दौरान यह पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा निम्नानुसार विभिन्न बैंकों में राशियाँ निवेशित की गई थी तथा निवेशित राशियों की परिपक्वता की तिथि पर सम्बन्धित बैंकों द्वारा टी0डी0एस0 काटा गया। न्यास द्वारा सम्बन्धित वर्ष की आयकर रिटर्न भरने के पश्चात भी अवधि 2013 तक कुल काटे गये कुल टी0डी0एस0 में से बैंक द्वारा अपने स्त्तर पर काटे गये टी.डी.एस. की राशि को वापिस प्राप्त नहीं किया गया है। अतः अनुपालना हेतु राय दी जाती है कि न्यास द्वारा सम्बन्धित बैंक से सम्पर्क करते हुये स्त्रोत पर काटे गये निम्नानुसार टी.डी.एस. की राशि की वापिसी हेतु समुचित कदम उठाये।

| क्र0 सं0 | दिनाँक | एफ0डी0आर0 सं0 | देय परिपक्वता की राशि | प्राप्त राशि | स्त्रोत पर काटे गये कर की राशि | बैंक का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 20.07.13 | 002070 | 2200133 | 2179618 | 20515 | एच0डी0एफ0 सी0 आनन्दपुर |
| 2 | 14.07.12 | 14274030 | 5459656 | 5412284 | 47373 | –यथोपरि– |
| 3 | 30.07.13 | 0021149 | 5953913 | 5897788 | 56125 | –यथोपरि– |
| 4 | 08.12.12 | 1427447000 | 5501094 | 5449318 | 51776 | –यथोपरि– |
| 5 | 25.12.13 | 1292 | 5964711 | 5911550 | 53160 | –यथोपरि– |
| 6 | 18.02.13 | 740836 | 1109042 | 1104454 | 4588 | पी0एन0बी0 बिलासपुर |
| 7 | 26.01.12 | 571347 | 1195643 | 1179687 | 15956 | एस0बी0आई0 बिलासपुर |
| 8 | 26.10.13 | 8057583094 | 483202 | 1277172 | 6030 | –यथोपरि– |
| 9 | 28.09.12 | 30807395745 | 1138480 | 1133444 | 5036 | –यथोपरि– |
| 10 | 28.09.13 | 30807395745 | 1232901 | 1227901 | 5000 | –यथोपरि– |
| 11 | 15.11.13 | 32040493068 | 3189656 | 3185648 | 4008 | –यथोपरि– |
| 12 | 06.08.13 | 65146339829 | 806918 | 801868 | 5050 | एस0बी0पी0 बिलासपुर |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 13 | 15.07.12 | 65009254942 | 758221 | 736401 | 21820 | –यथोपरि– |
| | | | | **योग** | **₹296437** | |

**10 कम दरों पर राशि निवेशित करने के कारण ₹3.40 के लाख ब्याज की कम प्राप्ति करने बारेः–**

जाँच के दौरान पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा सावधि जमा योजना के अन्तर्गत राशियों को विभिन्न बैंकों में निवेश किया गया है जिन पर बैंकों की विभिन्न शाखाओं द्वारा अलग–2 दर से ब्याज दिया गया है जिस कारण मन्दिर न्यास को सावधि जमा योजना में निवेशित राशियों पर ब्याज की ₹340971/– कम प्राप्ति हुई है जिसका विस्तारपूर्वक विवरण इस अंकेक्षण प्रतिवेदन के **परिशिष्ट "C"** में दिया गया है। अतः सावधि योजना के अन्तर्गत कम प्राप्ति की गई राशि के बारे में औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा इस प्रकरण में न्यास स्त्तर पर विस्तृत जाँच करके वस्तुस्थिति से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए तथा ब्याज की हानि के बारे में मामला सम्बन्धित बैकों की शाखाओं में उठाया जाए तथा भविष्य में सावधि जमा योजना में राशियों को उन्हीं बैंकों में निवेशित किया जाना सुनिश्चित किया जाये जिनके द्वारा अधिकतम दर से ब्याज दिया जाए। इस सन्दर्भ में अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**11 रेजगारी की गणना ₹1006/– का कम दर्शाया जानाः–**

**(क)** मुख्य गल्ला रजिस्टर के अनुसार दिनाँक 23.7.2012 को पृष्ठ संख्या 329 पर रेजगारी की गणना करने पर ₹16035/– प्राप्त हुये थे लेकिन गणना में गलती के कारण ₹15035/– की प्राप्ति दर्शाई गई थी तथा डे बुक में भी ₹15035/– ही जमा किये गई थी इस प्रकार ₹1000/– की कम प्राप्ति दर्शाकर यह राशि कम जमा की गई थी। अतः कम जमा राशि की चूककर्ता से वसूली करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दिखाई जाये तथा भविष्य में इस तरह की अनियमितता न दोहराया जाए।

**रेजगारी की गणना का विवरण**

| सिक्के | मात्रा | राशि |
|---|---|---|
| 5 | 775 | 3875 |
| 2 | 2380 | 4760 |
| 1 | 7400 | 7400 |
| | **जोड़** | **16035** |
| | दर्शाया गया जोड़ | 15035 |
| | कम जमा राशि | 1000 |

**(ख)** इसी प्रकार गुफा गल्ला रजिस्टर के अनुसार दिनाँक 12.8.2013 को ₹8828/– के नोट व ₹1690/– की रेजगारी प्राप्त हुई थी। इस प्रकार कुल (₹8828+₹1690) ₹10518/– प्राप्त हुई थी जबकि डे बुक में उपरोक्त प्राप्ति के विरूद्ध ₹10512/– ही जमा की गई थी। इस प्रकार ₹6 कम जमा किये गई थी जिसकी उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 12 मन्दिर न्यास द्वारा दान के रूप में प्राप्त विभिन्न वस्तुओं (सामग्री) को स्टॉक रजिस्टर में दर्ज न करने बारेः–

चयनित मासों के अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि में मन्दिर न्यास द्वारा रसीदों के अन्तर्गत दान स्वरूप प्राप्त विभिन्न वस्तुओं में से निम्नविवरणानुसार कुछ मदो ंको स्टॉक रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था जो कि अनियमित है। अतः इस प्रकरण में संस्था स्तर पर जाँच करके अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाये तथा दर्ज न की गई विभिन्न मदो ंकी बाजारी दरों के आधार पर चूककर्ता से वसूली करके अपेक्षित राशि न्यास निधि में जमा की जाए। इसके अतिरिक्त चयनित मासों के अलावा अन्य मासों में इस तरह के प्रकरणों की जाँच न्यास द्वारा अपने स्तर पर करके तदानुसार अपेक्षित कार्रवाई अमल में लाई जाए।

| रसीद संख्या | दिनाँक/माह | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|---|
| 956 | 7/2012 | फोम गददे | 20 नं0 |
| 957 | 7/2012 | फोम गददे | 10 नं0 |
| 959 | 7/2012 | फोम गददे | 20 नं0 |
| 4134 | 27.6.12 | जीरा कम्बल | 100 नं0<br>2 कि0ग्रा0 |
| 4363 | 12.6.12 | वाटर कूलर आर0ओ0 सहित 80 लीटर | 1 नं0 |
| 1062 | 6.7.12 | मैट हरा | 360 फुट |
| 4723 | 16.7.12 | मैट जाली वाला | 100 फुट |
| 4796 | 4.8.12 | कम्बल | 2 नं0 |
| 4798 | 5.8.12 | रवेसी | 1 नं0 |
| 1783 | 4.8.13 | टाट पट्टी | 725 फुट |
| 2702 | 15.5.13 | मैट | 500 वर्ग फुट |
| 2703 | 17.5.13 | मैट | 500 वर्ग फुट |

**13 मन्दिर न्यास द्वारा संचालित धर्मशाला में यात्रियों के आरक्षित कमरों के लिए प्रवेश शुल्क (Entry Fees) की ₹740/– की कम वसूली करने बारेः–**

मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी द्वारा संचालित धर्मशाला के कमरो ंसे प्राप्त आय से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि न्यास द्वारा निम्नविवरणानुसार धर्मशाला में यात्रियों से आरक्षित कमरो ंके लिए प्रवेश शुल्क की ₹10 प्रति व्यक्ति की दर से ₹740/– की कम वसूली की गई। अंकेक्षण द्वारा आपत्ति उठाने पर उक्त ₹740/– की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों/चूककर्ताओं से रसीद संख्या 1012 दिनाँक 09.12.14 के अन्तर्गत कर ली गई है तथा जिसकी पुष्टि अंकेक्षण के दौरान कर दी गई। अतः यह सुझाव दिया जाता है कि आन्तरिक निरीक्षण प्रणाली को सुदृढ़ करके इस तरह के प्रकरणों पर रोक लगाई जा सके।

| क्र0सं0 | दिनाँक | धर्मशाला रजिस्टर पेज नं0 | यात्रियों की संख्या | यात्रियों से वसूली गई राशि | वास्तव में राशि जिसकी वसूली की जानी थी | कम वसूली गई राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 5.7.12 | 27 से 28 | 21 | 200 | 21x10=210 | 10 |
| 2 | 16.7.12 | 65 से 69 | 42 | 400 | 42x10=420 | 20 |
| 3 | 19.7.12 | 75 से 78 | 42 | 410 | 42x10=420 | 10 |
| 4 | 9.8.12 | 175 से 178 | 37 | 350 | 37x10=370 | 20 |
| 5 | 17.8.12 | 13 से 15 | 32 | 310 | 32x10=320 | 10 |
| 6 | 3.9.12 | 58 से 59 | 18 | 170 | 18x10=180 | 10 |
| 7 | 4.9.12 | 59 से 60 | 20 | – | 20x10=200 | 200 |
| 8 | 10.9.12 | 71 से 72 | 11 | 100 | 11x10=110 | 10 |
| 9 | 15.10.12 | 125 से 129 | 48 | 470 | 48x10=480 | 10 |
| 10 | 22.10.12 | 162 से 168 | 91 | 900 | 91x10=910 | 10 |
| 11 | 4.11.12 | 12 से 13 | 3 | 20 | 3x10=30 | 10 |
| 12 | 25.12.12 | 25 से 26 | 10 | 70 | 10x10=100 | 30 |
| 13 | 13.1.13 | 45 | 7 | 60 | 10x7=70 | 10 |
| 14 | 22.1.13 | 49 से 50 | 6 | 50 | 6x10=60 | 10 |
| 15 | 24.1.13 | 50 से 51 | 3 | 20 | 3x10=30 | 10 |
| 16 | 27.1.13 | 54 | 6 | 50 | 6x10=60 | 10 |
| 17 | 21.2.13 | 66 | 8 | 70 | 8x10=80 | 10 |
| 18 | 2.6.13 | 90 से 92 | 22 | 200 | 22x10=220 | 20 |
| 19 | 12.8.13 | 112 से 118 | 73 | 540 | 73x10=730 | 190 |
| 20 | 14.8.13 | 126 से 132 | 63 | 520 | 63x10=630 | 110 |
| 21 | 12.9.13 | 30 से 31 | 13 | 120 | 13x10=130 | 10 |
| 22 | 10.12.13 | 18 | 5 | 40 | 5x10=50 | 10 |
| | | | | | **कुल योग** | **₹740** |

## 14. रसीद बुकों के उपयोग में अनियमितताऐं:–

**(क)** लेखा परीक्षा के दौरान अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न वर्णित रसीद बुकें आधी अधूरी ही उपयोग की गई थी तथा शेष बची रसीद बुकें बिना उपयोग के ही कार्यालय में पड़ी है। अतः इन रसीद बुकों को पूर्ण रूप से उपयोग न करने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा बिना उपयोग के पड़ी रसीदों को अब उपयोग में लाकर अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | रसीद क्रमाँक जो उपयोग की गई | माह जिसमें उपयोग की गई | उपयोग हेतु भोष बची रसीदों का विवरण |
|---|---|---|---|
| 1 | 8101 से 8108 | 8/13 | 8109 से 8200 |
| 2 | 8901 से 8981 | 8/13 | 8982 से 9000 |
| 3 | 8701 से 8764 | 7/13 | 8765 से 8800 |
| 4 | 2701 से 2783 | 7/13 | 2784 से 2800 |
| 5 | 8301 से 8395 | 8/13 | 8396 से 8400 |

**(ख)** रसीद बुकों के स्टॉक रजिस्टर के अनुसार निम्न वर्णित रसीदें अनाज मण्डी खन्ना व अनाज मण्डी धमोट पंजाब के ट्रस्टियों को जारी की गई थी। रसीद बुक स्टॉक रजिस्टर के अनुसार इन रसीदो ंके माध्यम से प्राप्ति योग्य ₹15000/– को मन्दिर न्यास में जमा नहीं करवाया गया था और न ही प्राप्ति योग्य राशियों के जमा होने की पुष्टि लेखा परीक्षा के दौरान करवाई गई। अतः इन रसीदों के माध्यम से प्राप्ति योग्य ₹15000/– के जमा होने की पुष्टि आगामी अंकेक्षण के दौरान की जानी सुनिश्चित की जाए।

| क्र0सं0 | रसीद बुक का विवरण | जिसे जारी की गई | जारी करने की तिथि | प्रति रसीद प्राप्ति योग्य राशि | कुल प्राप्ति योग्य राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 7501 से 7600 | श्री ओम प्रकाश सिगला ट्रस्टी अनाज मण्डी खन्ना | 21.6.13 | 50 | 5000 |
| 2 | 7601 से 7700 | –यथोपरि– | 21.6.13 | 50 | 5000 |
| 3 | 9301 से 9400 | श्री बलदेव कृष्ण ट्रस्टी अनाज मण्डी धमोट | 14.7.13 | 50 | 5000 |
| | | | | **योग** | **₹15000** |

**(ग)** रसीद संख्या 1201 से 1300, जिसका मूल्य ₹20 प्रति रसीद का था, लंगर काउंटर को जारी की गई थी। रसीद संख्या 1201 से 1283 दिनाँक 27.8.2012 तक उपयोग कर ली गई थी तथा इन रसीदों द्वारा प्राप्त राशि के जमा होने की पुष्टि भी लेखा परीक्षा के दौरान कर ली गई परन्तु रसीद संख्या 1284 से 1300 द्वारा प्राप्त ₹340/– के जमा करने की पुष्टि लेखा परीक्षा के दौरान नहीं करवाई गई। अतः इस राशि के जमा करने की पुष्टि आगामी अंकेक्षण के दौरान करवाई जानी सुनिश्चित की जाए।

**(घ)** लेखा परीक्षा के दौरान निम्न विवरणानुसार राशन तथा अन्य सामग्री की प्राप्ति से सम्बन्धित रसीद बुकें/आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत नहीं की गई जिसके फलस्वरूप यह जाँच नहीं की जा सकी कि किस रसीद द्वारा कितनी सामग्री प्राप्त की गई थी तथा प्राप्त सामग्री के विरूद्ध स्टॉक रजिस्टर में सही प्राप्ति दर्शाई भी गई है अथवा नहीं? अतः इन रसीद बुकों को आगामी अंकेक्षण के दौरान आवश्यक जाँच हेतु प्रस्तुत किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | रसीद क्रमाँक | जिस माह में उपयोग की गई |
|---|---|---|
| 1 | 3001 से 3100 | 7/12 |
| 2 | 118301 से 118400 | 7/12 |
| 3 | 3301 से 3400 | 7/12 |
| 4 | 4801 से 4900 | 7/12 |
| 5 | 01 से 100 | 8/13 |
| 6 | 1101 से 1200 | 8/13 |
| 7 | 501 से 600 | 7/13 |

**(ङ.)** लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि निम्न मामलों में मन्दिर न्यास द्वारा बेची गई सामग्री एवं विभिन्न डिनोमिनेशन के कूपनों/रसीदों से प्राप्त राशियों को जमा नहीं किया गया था। अतः प्राप्त राशियों को जमा न करने बारे स्थिति स्पष्ट करने के अतिरिक्त कम प्राप्त की गई ₹250/– की चूककर्ता से वसूली करके अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए।

| क्र0सं0 | रसीद संख्या | दिनाँक | सामग्री का विवरण | प्राप्त राशि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 4783 | 30.7.12 | दीवार घड़ी | 80 |
| 2 | 53056 | 4.8.13 | रसीद कूपन ₹20 प्रति रसीद | 20 |
| 3 | 9057 | 18.8.13 | रसीद कूपन ₹50 प्रति | 50 |
| 4 | 14192 | 13.10.13 | रसीद कूपन ₹100 प्रति | 100 |
| | | | **योग** | **₹250** |

**15 मातृ छाया भवन को किराये पर देने पर ठेकेदार से शेष किराये का ₹811200/– की वसूली न करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी द्वारा न्यास के मातृछाया भवन को दिनाँक 18.4.2007 को शीषपाल सुपुत्र श्री रोशन लाल गाँव भण्डारण तहसील नैना देवी की साथ लीज के आधार (20.4.2007 से 19.4.2010 तक तीन वर्षों के लिए ₹13520/– पर किराये पर दिया गया। न्यास द्वारा ठेकेदार से उक्त ₹1352000/– की वसूली कुल छः किश्तों में ₹225334/– प्रति किश्त की दर से कर ली गई। तत्पश्चात न्यास द्वारा द्वितीय चरण में उपरोक्त भवन को पूर्व निर्धारित किराये पर 20 प्रतिशत बढ़ौतरी करके आगामी दो वर्षों के दिनाँक 20.4.2010 से 19.4.2012 तक इसी ठेकेदार को किराये पर दिया गया है। इस प्रकार उपरोक्त ठेकेदार से निम्न विवरणानुसार बढ़ाई गई कुल ₹1081600/– की दो वर्षों में वसूली की जानी अपेक्षित थी।

| | |
|---|---|
| 1352000x2/3 | 901333 |
| +20% enhancement on above amount | |
| 901333x20/100 | 180267 |
| Total amount for two year w.e.f 20.4.10 to 19.4.12 including 20% | |
| ₹901333+₹180267= | ₹1081600 |

उपरोक्त किराये की देय ₹1081600/– में से ₹270401/– की वसूली रसीद संख्या 589540 दिनाँक 28.6.2010 के अन्तर्गत कर ली गई है तथा शेष ₹811200/– की वसूली अभी तक सम्बन्धित ठेकेदार से नहीं की गई है जिसकी वसूली अतिशीघ्र करके न्यास निधि में जमा की जाना करनी सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**16 मन्दिर न्यास की दुकानों के किराये की बकाया ₹3.77 लाख की वसूली न करने बारेः–**

मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी के दुकानों के किराये से सम्बन्धित अभिलेख की जाँच करने पर पाया गया कि निम्न विवरणानुसार मन्दिर न्यास दुकानों के किराये की बकाया ₹377250/– की वसूली नहीं की है। दुकानों के किराये से सम्बन्धित इकरारनामों की जाँच करने पर यह भी पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा किराये से सम्बन्धित नियमों व शर्तों में दुकानदारों द्वारा किराया अदा न करने पर जुर्माना/सरचार्ज अदा करने का प्रावधान नहीं है। इसके अतिरिक्त अंकेक्षण के दौरान पाया गया कि दुकान नं0 1, 2, 4, 9 व 10 (5 दुकानों) की नीलामी दिनाँक 31.12.2013 तक मन्दिर न्यास द्वारा नहीं की गई जिससे मन्दिर की आय

में कमी आई है। अतः न्यास द्वारा दुकानों के किराये की बकाया राशि न वसूलने का औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा खाली पड़ी दुकानों की नीलामी सम्बन्धित प्रक्रिया तुरन्त करते हुये किराये की बकाया राशि की वसूली सम्बन्धित दुकानदारों से करके अनुपालना आगामी अंकेक्षण में दर्शाई जाये।

| **क्र0सं0** | **दुकानदार का नाम** | **दुकान नं0** | **किराया प्रति किस्त** | **दिनाँक 31.12.13 तक किराया बकाया राशि** |
|---|---|---|---|---|
| **(I) मातृ भांख भवन के सामने निर्मित दुकानें** | | | | |
| 1 | श्री ब्रजेश शर्मा | 5 | 40000 | 15000 |
| 2 | श्री सतपाल शर्मा | 7 | 40000 | 15000 |
| 3 | श्री शेष पाल | 8 | 60000 | 22500 |
| | | | **योग** | **52500** |
| **(II) मन्दिर न्यास द्वारा संचालित दुकान नं0 1 की धरातल मंजिल में निर्मित दुकानें** | | | | |
| 1 | श्री गोपाल चन्द | 1 | 81000 | 40500 |
| 2 | श्री श्याम किशोर शर्मा | 2, 3 | 284250 | 284250 |
| | | | **योग** | **324750** |
| | | **कुल योग (दिनाँक 31.12.13 तक)** | | **377250** |
| **(III) दुकानें जो 31.12.13 तक नीलाम नहीं की गई** | | | | **दुकान नं0 1, 2, 4, 9 व 10 (5 नं0 दुकानें )** |

## 17 समाचार पत्रों, मैगजीन, स्मारिका, सोविनियर में दिये विज्ञापनों पर ₹2.84 लाख का अनियमित व्यय करने बारेः—

मन्दिर न्यास द्वारा **परिशिष्ट "डी"** में दिए गए विवरणानुसार समाचार पत्रों, मैगजीनों, स्मारिकाओं तथा सोविनियरों में दिये गये विज्ञापनों पर ₹284904/— का व्यय किया गया, जबकि प्रधान सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग (हिमाचल प्रदेश) के पत्र संख्या LCD-E(3)-18/2010 दिनाँक 10.12.2010 के अनुसार विज्ञापनो ंपर व्यय करने पर पूर्णतयः प्रतिबन्ध लगाया गया था। इसके अतिरिक्त उपरोक्त व्यय हिमाचल प्रदेश हिन्दू सार्वजनिक धार्मिक संस्था और पूर्व विन्यास अधिनियम 1984 की धारा 17 के भी विपरीत है क्योंकि उक्त धारा के अनुसार श्रद्धालुओं द्वारा दान की राशि को श्रद्धालुओं की सुविधाओ ंके लिए ही व्यय करना अपेक्षित होता है। अतः सुझाव दिया जाता है कि उक्त अनियमित व्यय को सक्षम अधिकारी की

स्वीकृति से नियमित करवाया जाए तथा भविष्य में विज्ञापन पर व्यय करने पर अंकुश लगाकर राशि का प्रयोग मन्दिर के विकासात्मक कार्यों पर करना सुनिश्चित किया जाए।

**18 मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी के कर्मचारियों को मकान किराये भत्ते के फलस्वरूप ₹56272/– का अधिक भुगतान करने बारेः–**

प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार के ज्ञापन संख्या फिन (सी) बी (7) 1/2012 दिनाँक 28.02.2012 के अन्तर्गत जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप मन्दिर न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों का माह 1.3.2012 से संशोधित मकान किराया भत्ता प्रदान किया गया है। उपरोक्त ज्ञापन में जारी दिशा निर्देशों के अन्तर्गत मकान किराया भत्ता का भुगतान बैन्ड पे में ग्रेड वेतन शामिल न करके निर्धारित स्लेब (Slab) के आधार पर प्रदान किया जाना अपेक्षित था परन्तु इसके विपरीत मन्दिर न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों को बैन्ड पे में ग्रेड पे शामिल करके मकान किराये भत्ते का भुगतान किया गया जिसका विवरण **परिशिष्ट "E"** में दिया गया है। उक्त मामला सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अंकेक्षण अधियाचना संख्या सं0नि. आडिट एल0ए0डी0 (वित्त)–430 दिनाँक 14.10.14 द्वारा मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास श्री नैना देवी जी के समक्ष लाया गया है तथा न्यास द्वारा इस प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त ₹56272/– में से न्यास द्वारा ₹53811/– की वसूली सम्बन्धित कर्मचारियों के माह 10/14 के वेतन से जोकि माह 1/14 में देय है से कर ली गई है जिसकी पुष्टि वर्तमान अंकेक्षण में कर ली गई है तथा निम्नानुसार ₹2461/– की वसूली करनी शेष है जिसकी भी वसूली करके अनुपालना से अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| 1 | श्री प्रीतम सिंह अधीक्षक | 200 |
| 2 | श्री राम पाल–1 एम0पी0डब्लयू | 811 |
| 3 | श्री रोशन लाल चपड़ासी | 1450 |

**19 कन्ट्रेक्च्यूल (contractual) कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि के फलस्वरूप अधिक राशि का भुगतान करना :–**

प्रधान सचिव (वित्त) हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या फिन (सी)–बी (7)–5/2009 दिनाँक 22.11.2013 में दिये गये दिशा निर्देशों के विपरीत मन्दिर न्यास में ठेके पर रखे गये कर्मचारियों को निम्नविवरणानुसार वार्षिक वेतन वृद्धि के रूप में गलत तरीके से ₹1854/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा गलत तरीके से किए अधिक भुगतान राशि की वसूली करनी सुनिश्चित की जाए।

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | वेतन | देय वार्षिक वेतन | भुगतान की गई वार्षिक वेतन वृद्धि | अन्तर | अवधि | अधिक भुगतान की |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|

| | | | | वृद्धि | की राशि | | | राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुनील कुमार<br>–यथो– | रूम अटेडेन्ट<br>–यथो– | 4900+1300 | 186<br>186 | 190<br>200 | 4<br>14 | 1.9.11 से 31.8.12<br>1.9.12 से 31.3.13 | 48<br>98<br>146 |
| 2 | श्री बसन्त कुमार | लांगरी | – | – | – | – | – | 146 |
| 3 | श्री दीपक | सफाई कर्मचारी | –यथोपरि– | – | – | – | – | 146 |
| 4 | श्री गुरमान सिंह | एमपी डब्लयू | –यथोपरि– | – | – | – | – | 146 |
| 5 | श्री अमित कुमार | लांगरी | –यथोपरि– | – | – | – | – | 146 |
| 6 | श्री अमित कुमार | चौकीदार | –यथोपरि– | – | – | – | – | 146 |
| 7 | श्री अतुल शर्मा | चौकीदार | –यथोपरि– | – | – | – | – | 146 |
| 8 | श्री धर्मपाल | एमपी डब्लयू | –यथोपरि– | 186 | 190 | 4 | 1.12.11 से 30.11.12 | 48 |
| 9 | श्री नीतीन कुमार | एमपी डब्लयू | –यथोपरि– | 186 | 200 | 14 | 1.12.12 से 30.11.13 | 168 |
| 10 | श्री नीतीन कुमार | एमपी डब्लयू | –यथोपरि– | 186 | 198 | 9 | 1.12.13 से 8/14 | 108<br>324 |
| 11 | श्री राज कुमार | एमपी डब्लयू | –यथोपरि– | – | 198 | – | – | 324 |
| 12 | श्री सुनील कुमार | क्लर्क | 5910+1900 | 234 | 240 | 6 | 1.9.11 से 31.8.12 | 72 |
| 13 | श्री सुनील कुमार | –यथोपरि– | – | 234 | 250 | 16 | 1.9.12 से 31.3.13 | 112 |
| | | | | | | कुल जोड़ | | **₹1854** |

**20 मन्दिर न्यास द्वारा अपने कर्मचारियों को ई0पी0एफ0 के रूप में मूल वेतन की निर्धारित अधिकतम सीमा की ₹6500/– के स्थान पर पूरे मूल वेतन पर 12 प्रतिशत की दर से बराबरी का अंशदान करने के फलस्वरूप न्यास निधि से अंशदान की ₹2379160/– का अधिक भुगतान करनाः–**

कर्मचारी भविष्य निधि व अन्य मिसलिनियस (Miscellanous Prevision) प्रोविजन अधिनियम 1952 में विनिर्दिष्टत निर्देशों के अन्तर्गत कर्मचारी द्वारा अपने मूल वेतन पर अधिकतम निर्धारित सीमा की ₹6500/– पर 12 प्रतिशत अर्थात ₹780/– प्रतिमाह की दर से पैन्शन फन्ड में जमा करने का प्रावधान है तथा इतनी ही राशि न्योक्ता (Employee) द्वारा भी कर्मचारियों के पैन्शन फन्ड में जमा की जानी अपेक्षित है। उपरोक्त दिशा निर्देशों के विपरीत

मन्दिर न्यास द्वारा अंकेक्षण अवधि वर्ष 2012–2013 में कर्मचारियों के मूल वेतन की निर्धारित अधिकतम सीमा की ₹6500/– के स्थान पर उनके पूरे मूल वेतन की राशि पर 12 प्रतिशत की दर से प्रत्येक कर्मचारी को भविष्य निधि में बराबरी का अंशदान किया गया है जिसके फलस्वरूप न्यास द्वारा ₹2379160/– का अधिक भुगतान किया गया है जिसका विवरण **परिशिष्ट "F"** में दिया गया है। उपरोक्त मामला सहायक नियन्त्रक (ले0प0) की अधियाचना संख्या ए0सी0 आडिट–448 (कैम्प) दिनाँक 26.11.2014 द्वारा न्यास अधिकारियों के समक्ष लाया गया है परन्तु उनके द्वारा इस सन्दर्भ में कोई कार्रवाई नहीं की गई। अतः अधिक भुगतान की गई अंशदान की राशि का नियमों के अन्तर्गत औचित्य स्पष्ट किया जाये अन्यथा इस प्रकरण में अपेक्षित कार्रवाई करते हुये न्यास द्वारा निर्धारित अधिकतम सीमा राशि से अधिक भुगतान की गई अंशदान की राशि की वसूली करके न्यास निधि में जमा की जाए।

**21 मन्दिर न्यास के कर्मचारियों को मेला भत्ते/मानदेय के रूप में ₹792880/– का अनुचित भुगतान करनाः–**

मन्दिर न्यास श्री नयना देवी जी द्वारा कर्मचारियों को नव वर्ष मेला, चैत्र नवरात्रा मेला, श्रावण नवरात्रा मेला व अशिवन नवरात्रा मेला के उपलक्ष में निम्न विवरणानुसार वर्ष 2012 व वर्ष 2013 के दौरान ₹792880/– का मेला भत्ते/मानदेय के रूप में भुगतान किया गया था, जोकि उप–सचिव भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश सरकार के पत्र संख्या ए0सी0डी0–बी 2–9/94–1 दिनाँक 21.12.2010 के अनुसार उन्हें देय नहीं था। अतः वर्ष 2012 व वर्ष 2013 के दौरान भुगतान की गई कुल ₹792880/– की न्यास द्वारा अपने स्तर पर भी गणना करके इसकी वसूली सुनिश्चित की जाए तथा अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **बिल संख्या** | **दिनाँक** | **मेले का विवरण** | **मेला भत्ते की भुगतान की गई राशि** |
|---|---|---|---|
| 141 | 28.2.12 | नव वर्ष मेला | 59390 |
| 392 | 29.5.12 | चैत्र नवरात्रा मेला | 77542 |
| 393 | 29.5.12 | चैत्र नवरात्रा मेला | 5100 |
| 446 | 19.6.12 | चैत्र नवरात्रा मेला | 600 |
| 643 | 1.9.12 | श्रावण नवरात्रा मेला | 138375 |
| 958 | 26.12.12 | अशिवन नवरात्रा मेला | 68210 |
| 962 | 26.12.12 | अशिवन नवरात्रा मेला | 3100 |
| 73 | 29.1.13 | नव वर्ष मेला | 57790 |
| 395 | 15.5.13 | चैत्र नवरात्रा मेला | 70863 |
| 400 | 16.5.13 | चैत्र नवरात्रा मेला | 4500 |
| 623 | 22.8.13 | श्रावण नवरात्रा मेला | 189050 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 624 | 23.8.13 | श्रावण नवरात्रा मेला | 5500 |
| 824 | 25.10.13 | अशिवन नवरात्रा मेला | 112860 |
| | | **योग** | **₹792880** |

### 22 जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर को ऋण के रूप में भुगतान की गई ₹120405/– को वापिस मन्दिर न्यास निधि में जमा न करवाने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान सम्बन्धित अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि अध्यक्ष मन्दिर न्यास द्वारा कार्यालय पत्र संख्या बी0एल0एस0–एल0टी0जी0–1 (2)/89–5796 दिनाँक 27.12.11 द्वारा ₹120405/– (एक लाख बीस हजार चार सौ पाँच रूपये) ऋण के रूप जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर को स्वीकृत की गई। उपरोक्त ऋण की राशि का भुगतान मन्दिर द्वारा चैक संख्या 205157 दिनाँक 27.12.11 के अन्तर्गत जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर को किया गया है। उक्त ऋण की ₹120405/– अभी तक मन्दिर न्यास निधि में वापिस जमा नहीं की गई है। उपरोक्त भुगतान की गई ऋण की राशि की वापिसी हेतु मामला सहायक नियन्त्रक, (ले0प0) कैम्प नैना देवी की अंकेक्षण अधियाचना संख्या ए0सी0 आडिट (फिन) एल0ए0डी0–419 दिनाँक 3.9.14 द्वारा मन्दिर अधिकारी मन्दिर न्यास श्री नैना देवी के ध्यानार्थ लाया गया तथा मन्दिर अधिकारी की नैना देवी द्वारा उपरोक्त प्रकरण में ऋण की राशि की वापिसी हेतु जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर से अपने कार्यालय पत्र संख्या टी0टी0एन0डी0–3249 दिनाँक 9.9.2014 द्वारा उठाया गया। जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर द्वारा अपने कार्यालय पृष्ठांकन संख्या बीएलएस–ईए–बजट/2013–35438 दिनाँक 1.11.2014 द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि जिलाधीश कार्यालय में कार्यरत्त श्री छोटा राम (सेवा निवृत चालक) को माननीय मोटर एक्सीडैन्ट क्लेम ट्रिब्यूनल घुमारवीं जिला बिलासपुर द्वारा अभियोग संख्या एम0ए0सी0 39/2006/03 शीर्षक ''श्री महेन्द्र कुमार बनाम छोटा राम'' इत्यादि में माननीय उच्च न्यायालय हिमाचल प्रदेश शिमला के एफ0ए0ओ0 संख्या 498/2011 के आदेशानुसार ₹120405/– याचिकाकर्ता की मुआवजा के रूप में अदा करने के आदेश दिये गये। जिलाधीश कार्यालय द्वारा उक्त मुआवजे की राशि को अदा करने के लिये मन्दिर न्यास निधि से ऋण स्वरूप ली गई थी यद्यपि जिलाधीश कार्यालय बिलासपुर द्वारा श्री छोटा राम (सेवानिवृत चालक) को उक्त मुआवजे की राशि को अतिशीघ्र जमा करवाने को नोटिस जारी किया गया है परन्तु फिर भी मन्दिर न्यास निधि से ऋण के रूप में उक्त राशि का अनियमित रूप से भुगतान किया गया जोकि मन्दिर की गतिविधियों से सम्बन्धित नहीं था तथा यह मन्दिर न्यास निधि पर उचित प्रभार नहीं है। अतः उक्त ऋण की राशि को अविलम्ब वसूली

करके इसे वापिस मन्दिर निधि में जमा करवाये व भविष्य में ऐसे प्रकरणो पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने हेतु कार्रवाई अमल में लाई जाए।

**23 मन्दिर न्यास द्वारा मेला प्रबन्धन पर होने वाले प्रशासनिक व्यय को आय में से न घटाने पर पुजारियों को हिस्सेदारी की ₹4926526/– का अधिक भुगतान करनाः–**

अंकेक्षण के दौरान यह पाया गया कि न्यास द्वारा प्रथम चार्ज अथवा मुख्या गल्ला की बिक्री, विदेशी मुद्रा व कण्डम नोट द्वारा प्राप्त आय में सें वेतन व्यय पूजा अर्चना व्यय तथा प्रशासनिक व्यय इत्यादि घटाकर शेष राशि का 50 प्रतिशत हिस्सा पुजारियों को बराबर–2 वितरित किया गया है। वर्ष 2012–13 में न्यास द्वारा उपरोक्त विवरणानुसार प्राप्त आय को मेलों से प्राप्त आय सहित पुजारियों का हिस्सा निर्धारित करने हेतु तो सम्मिलित तो किया गया है परन्तु व्यय पक्ष में मेलों के दौरान मेला प्रबन्धन इत्यादि पर किए गए प्रशासनिक व्यय को सम्मिलित न करके पुजारियों को हिस्सेदारी के रूप में निम्नानुसार अधिक भुगतान करना किया गया है।

| | | **वर्ष** 2012 | **वर्ष** 2013 |
|---|---|---|---|
| 1 | पुजारियों की हिस्सेदारी हेतु मेलों में प्राप्त आय सहित ली गई राशि | 138765882 | 127015690 |
| 2 | घटाई गई व्यय की राशि जिसमें मेले के दौरान किया गया प्रशासनिक व्यय शामिल नहीं है | (–) 39291842 | (–) 43876387 |
| | शेष राशि | 99474040 | 83139303 |
| 3 | पुजारियों को शेष राशि के 50 प्रतिशत हिस्से के रूप में हिस्सेदारी की भुगतान की गई राशि | 99474040/2 | 83139303/2 |
| | | **49737020** | **41569651** |

उपरोक्त विवरणानुसार मन्दिर न्यास द्वारा वर्ष 2012 में ₹49737020/– तथा वर्ष 2013 में ₹41569651 का भुगतान पुजारियों की हिस्सेदारी के रूप में किया गया है जबकि 2012 में मेले के प्रबन्धन कर प्रशासनिक व्यय की ₹4730654/– तथा वर्ष 2013 में मेले के प्रबन्धन पर प्रशासनिक व्यय की ₹5122399/– जिसे खाता बही पेज 162 व 154 पर दर्शाया गया है को व्यय को शामिल न करके निम्नानुसार पुजारियों को ₹4926526 राशि का अधिक भुगतान करना पड़ा है।

| **क्र0सं0** | | **वर्ष 2012** | **वर्ष 2013** |
|---|---|---|---|
| 1 | वर्षवार भुगतान योग्य हिस्सेदारी की राशि | 99474040 | 83139303 |
| 2 | मेले प्रबन्धन का प्रशासनिक व्यय | (–) 4730654 | (–) 5122399 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | शेष राशि | 94743386 | 78016904 |
| 3 | पुजारियों को मेले प्रबन्धन का प्रशासनिक व्यय | 94743386 / 2 | 78016904 / 2 |
| | घटाने के उपरान्त भुगतान हेतु शुद्ध देय राशि | **47371693** | **39008452** |
| **(i)** | **भुगतान की गई राशि** | **49737020** | **41569651** |
| | **अधिक भुगतान की गई राशि** | **2365321** | **2561199** |

अतः अधिक भुगतान की गई उपरोक्त ₹2365321+₹2561199=₹4926520 का औचित्य नियमानुसार स्पष्ट किया जाए अन्यथा अधिक भुगतान की वसूली उचित स्त्रोत से करके इसे न्यास की निधि में जमा करवाया जाए।

**24 पंजाब की विभिन्न अनाज मण्डियों से दान स्वरूप प्राप्त सामग्री की वास्तविक मात्रा से कम मात्रा की प्राप्ति का दर्शाया जानाः–**

मन्दिर न्यास श्री नयना देवी में कुछ ट्रस्टी पंजाब की मण्डियों से सम्बन्धित है जिन्हें समय–समय पर पंजाब की विभिन्न अनाज मण्डियों से राशन प्राप्त करने हेतु एवं दानस्वरूप राशि प्राप्त करने हेतु रसीद बुकें जारी की जाती है, जिनके माध्यम से प्राप्त सामग्री एवं राशियो ंको यह ट्रस्टी मन्दिर न्यास में जमा करते रहते है। लेखा परीक्षा के दौरान पाया गया कि विभिन्न रसीदो ंद्वारा प्राप्त सामग्री से कम सामग्री की मात्रा मन्दिर न्यास के स्टॉक में जमा की गई थी। अतः इस बारे वस्तुस्थिति स्पष्ट की जाए तथा न्यास में कम प्राप्त हुई सामग्री की मात्रा को सम्बन्धित अनाज मण्डी के ट्रस्टियों से प्राप्त करके मन्दिर न्यास स्टॉक में जमा किया जाये तथा अनुपालना से लेखा परीक्षा को अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में इस तरह की अनियमितता न हो इसके लिए समुचित व्यवस्था की जाए। मन्दिर न्यास के स्टॉक में विभिन्न अनाज मण्डियों से कम प्राप्त सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

**(क)** समराला मण्डी पंजाब से रसीद संख्या 8901 से 8912 द्वारा निम्नविवरणानुसार 2825 किलो ग्राम गन्धम की प्राप्त हुई थी, लेकिन स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 405 पर वर्ष 2013 के दौरान उपरोक्त प्राप्ति के विरूद्ध 2375 कि0ग्रा0 गन्धम की प्राप्ति दर्शाई गई थी तथा इस प्रकार 450 कि0ग्रा0 गेहूँ की कम प्राप्ति दर्शाई गई थी।

| **रसीद संख्या** | **प्राप्ति माह** | **प्राप्त मात्रा (कि0 छात्र)** |
|---|---|---|
| 8901 | 8 / 2013 | 50 |
| 8902 | 8 / 2013 | 50 |
| 8903 | 8 / 2013 | 50 |
| 8904 | 8 / 2013 | 900 |
| 8905 | 8 / 2013 | 800 |
| 8906 | 8 / 2013 | 500 |
| 8907 | 8 / 2013 | 100 |
| 8908 | 8 / 2013 | 100 |

| | | |
|---|---|---|
| 8909 | 8/2013 | 75 |
| 8910 | 8/2013 | 50 |
| 8911 | 8/2013 | 100 |
| 8912 | 8/2013 | 50 |
| | **कुल मात्रा** | **2825** |

**(ख)** भटिण्डा मण्डी पंजाब से माह 7/2013 व 8/2013 में दान स्वरूप विभिन्न रसीदों के माध्यम से स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 402 पर दिये गये विवरणानुसार रिफाईंड के 97 टीन प्राप्त हुए थे जिनके विरूद्ध 80 टीन रिफाईंड की मात्रा 1200 किलो (80X15) स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 135 पर प्राप्त दर्शाई गई थी तथा 255 किलो ग्राम (17 टीनX15किलो) रिफाईंन्ड कीम ात्रा कम प्राप्त दर्शाई गई थी।

**(ग)** अनाज मण्डी भटिण्डा से विभिन्न रसीदों के माध्यम से माह 7/2013 व 8/2013 के दौरान स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 402 पर दिये गये विवरणानुसार 1497 कि0ग्रा0 चीनी प्राप्त हुइ थी, लेकिन स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 241 पर 1366 कि0ग्रा0 चीनी ही प्राप्त दर्शाई गई थी तथा (1497 कि0ग्रा0–1366कि0ग्रा0=131 कि0ग्रा0) चीनी की कम प्राप्ति दर्शाई गई थी।

**(घ)** समराला मण्डी पंजाब से स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 405 पर दिये गये विवरणानुसार माह 7/2013 व 8/2013 में रसीद संख्या 8918 द्वारा 50 किलो व रसीद संख्या 8979 द्वारा 125 किलो अर्थात कुल 175 किलो साबुत माह प्राप्त हुये थे लेकिन उपरोक्त प्राप्ति के विरूद्ध स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 21 पर दिनाँक 2.8.2013 को 125 कि0ग्प्र0 साबुत माह ही प्राप्त दर्शाये गये थे तथा 50कि0ग्रा0 साबुत माह कम प्राप्त किए गए दर्शाये गये थे।

**(ङ)** अनाज मण्डी भटिण्डा से रसीद संख्या 8282 द्वारा माह 8/2013 में दो टीन रिफाइन्ड प्राप्त किये थे, लेकिन स्टॉक रजिस्टर में प्रविष्टि करते समय पृष्ठ 402 पर उपरोक्त रसीद के विरूद्ध 1 टीन रिफाईन्ड ही प्राप्त किया गया दर्शाया गया था तथा एक टीन रिफाईन्ड कम प्राप्त किया गया दर्शाया गया था।

**(च)** अनाज मण्डी मछवाड़ा पंजाब से विभिन्न रसीदों के अन्तर्गत प्राप्त सामग्री की स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ के 406 पर दिये गये विवरण के अनुसार दिनाँक 16.7.13 को रसीद संख्या 9007 द्वारा 11 किलो ग्राम मूंग साबुत तथा रसीद संख्या 9015 द्वारा 15 कि0ग्राम मूंग साबुत प्राप्त किए गए दर्शाये गये थे, लेकिन स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 33 पर प्राप्ति की प्रविष्टि करते समय उपरोक्त प्राप्ति के विरूद्ध केवल 11 किलो मूंग साबुत ही प्राप्त किए गए दर्शाये गये थे तथा 15 किलो मूंग साबुत की कम प्राप्त की गई दर्शाई गई थी।

**(छ)** रसीद संख्या 9004 द्वारा दिनाँक 16.7.2013 को एक किलो चायपती प्राप्त हुई थी। इस चायपती की स्टॉक रजिस्टर में प्राप्ति की प्रविष्टि नहीं की गई थी।

**(ज)** माछीवाड़ा मण्डी पंजाब से स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 406 पर दिये गये विवरणानुसार 9 टीन रिफाईन्ड प्राप्त हुये थे तथा स्टॉक रजिस्टर पृष्ठ 137 पर उपरोक्त प्राप्ति के विरूद्ध दिनाँक 16.7.13 को 8 टीन रिफाईन्ड ही प्राप्त किये दर्शाये गये थे तथा एक टीन रिफाईन्ड की कम प्राप्ति दर्शाई गई थी।

**(झ)** रसीद संख्या 4117 दिनाँक 22.6.2012 द्वारा 70 किलो ग्राम पेठा प्राप्त हुआ था, लेकिन लंगर रजिस्टर के पृष्ठ 376 पर प्राप्ति की प्रविष्टि करते समय उपरोक्त रसीद के विरूद्ध 50 किलो ग्राम पेठा की प्राप्ति ही दर्शाई गई थी। इस प्रकार (70 किलो ग्राम(–) 50किलो ग्राम=20कि0ग्रा0) पेठा कम प्राप्त किया गया दर्शाया गया था।

**(ण)** स्टॉक रजिस्टर 253 पर दिये गये विवरण के अनुसार 410 कि0ग्रा0 दूध पाउडर प्राप्त हुआ था। इस सामग्री की प्राप्ति की स्टॉक रजिस्टर के पृष्ठ 254 पर प्रविष्टि करते समय 400 किलो दूध पाउडर ही प्राप्त किया गया दर्शाया गया था तथा 10 किलो दूध पाउडर कम प्राप्त किया गया दर्शाया गया था।

लेखा परीक्षा के दौरान आपत्ति उठाये जाने पर मन्दिर न्यास द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुये कम प्राप्त सामग्री की सम्बन्धित अनाज मण्डियों से निम्न विवरणानुसार वसूली करके स्टॉक में जमा कर दी गई जिसकी पुष्टि लेखा परीक्षा के दौरान कर ली गई।

| उपरोक्त पैरा सं0 | प्राप्त सामग्री का विवरण | प्राप्ति की तिथि | प्राप्त मात्रा | स्टॉक रजिस्टर पृ0/वर्ष |
|---|---|---|---|---|
| 1 | गन्धम | 9.12.14 | 450किलो | 332 (2014) |
| 2 | रिफाईन्ड | 9.12.14 | 255 किलो | 138 (2014) |
| 3 | चीनी | 9.12.14 | 131 किलो | 242 (2014) |
| 4 | माह साबुत | 9.12.14 | 50 किलो | 25 (2014) |
| 6 | मूंग साबुत | 9.12.14 | 15 किलो | 37 (2014) |

अतः शेष बची सामग्री की भी उचित स्त्रोत से वसूली करके अनुपालना से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

## 25 सब्जी की खरीद हेतु भुगतान की गई दरों में पारदर्शिता लाने बारेः–

अंकेक्षण के दौरान चयनित माह के अभिलेखों की जाँच करने पर पाया गया कि मन्दिर न्यास द्वारा निम्नानुसार सब्जी की खरीद हेतु ₹17100/– का भुगतान किया गया।

| क्रमाँक | फर्म का नाम | बिल सं0 | विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | मै0 ज्ञान चन्द ठाकुर नैना देवी | 407 दिनाँक 28.8.12 | गोभी 70 कि0 | 40 | 2800 |
| 2 | मै0 ज्ञान चन्द | 408 दिनाँक 20.9.12 | मटर 120 कि0 | 90 | 10800 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| ठाकुर नैना देवी | गोभी 70 कि0 | 50 | 3500 |
| मै0 ज्ञान चन्द ठाकुर नैना देवी | | | |
| | **कुल राशि** | | **₹17100** |

अंकेक्षण के दौरान चर्चा में बताया गया कि सब्जियां आसानी से गलसड़ जाने वाली होने के कारण (Perishable) तथा हर रोज सब्जियों की कीमतों में परिवर्तन होने के कारण तुलनात्मक दरों से सम्बन्धित निविदायें सम्भव नहीं है। श्री नैना देवी मन्दिर न्यास में सब्जी मण्डी पास में न होने के कारण सब्जियाँ परचून विक्रेताओं से खरीदी जाती है। अतः अनुपालना हेतु राय दी जाती है कि सब्जियों की खरीद से सम्बन्धित भुगतान की जाने वाली दरों को पारदर्शी लाने हेतु खरीदी गई सब्जियों के बिलों में स्थानीय क्रय कमेटी (Spot purchase committee) से इस आशय का प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना सुनिश्चित किया जाए कि परचून विक्रेताओं से खरीदी गई ताजी सब्जियाँ न्यूनतम दरो पर खरीदी गई है। इस सन्दर्भ में अनुपालना आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

| | | |
|---|---|---|
| **26** | **कार्य का नामः–** | **न्यू बस स्टैंड से सिंह द्वार 2 तक रेन शैल्टर का निर्माण कार्य करना** |
| | अनुबन्ध संख्याः– | बीएलएस–टीटीएनडी–3605–3614 दिनाँक 4.11.08 |
| | अनुबन्ध राशिः– | 5001340 |
| | संविदाकार का नामः– | श्री अजमेर सिंह |
| | अनुमानित राशिः– | ₹2496779 |

उपरोक्त कार्य संविदाकार को हिमाचल प्रदेश मानक दर अनुसूची 1999 से 101.31 प्रतिशत उपर पर आंबटित किया गया था उपरोक्त कार्य के पाँचवे छठे एवं सातवें चलत बिल की विस्तृत जाँच करने पर पाई गई अनियमितताओं एवं अधिक भुगतान के मामलों का विवरण निम्न प्रकार से हैः–

**(क)** उक्त कार्य का आंबटन संविदाकार को दिनाँक 4.11.08 को किया गया था तथा कार्य पूर्ण करने की अवधि 11 माह थी। इस प्रकार कार्य पूर्ण करने की अवधि माह सितम्बर 2009 में समाप्त हो गई थी परन्तु उपरोक्त कार्य अनुबन्ध के अनुसार कार्य पूर्ण करने की तिथि अर्थात माह सितम्बर 2009 से लगभग 43 माह के पश्चात अर्थात दिनाँक 30.4.2013 को समाप्त किया गया था। मन्दिर न्यास द्वारा समय–2 उपरोक्त कार्य की कार्य पूर्ण करने की अवधि दिनाँक 30.4.2013 तक इस आधार पर बढ़ाई गई थी कि मन्दिर न्यास में मेलों के दौरान निर्माण कार्य में बाधा आई परन्तु संविदाकार द्वारा 11 माह के स्थान पर कार्य पूर्ण करने के लिए लगभग 54 माह का समय लिया गया जबकि संविदाकार द्वारा समय पर कार्य न

करने पर अनुबन्ध की क्लाज 2 व 3 के अन्तर्गत कार्रवाई की जानी चाहिए थी। अतः संविदाकार द्वारा समय पर कार्य न करने पर भी उनके विरूद्व अनुबन्ध के क्लास के अन्तर्गत कार्रवाई न करने बारे तथा अत्याधिक कार्य अवधि बढ़ौतरी करने बारे औचित्य स्पष्ट किया जाए

**(ख)** पाँचवे चलत बिल की मद संख्या 3 (सी) द्वारा वर्णित कार्य फार्म वर्क इन वर्टीकल सरफेस इत्यादि से सम्बन्धित किये गये कार्य की कुल मात्रा 303.71 वर्ग मीटर का भुगतान मापन पुस्तिका संख्या 82 के पृष्ठ 97 पर ₹100 प्रति वर्ग मी0 की दर से किया गया था। उपरोक्त कार्य की मात्रा में पाँचवे बिल के दौरान किये गये कार्य की मात्रा 10.32 वर्ग मी0 की रिकार्ड प्रविष्टियाँ मापन पुस्तिका संख्या 82 के पृष्ठ 89 पर की गई थी जिनका विवरण निम्न प्रकार से था।

कालम आर 72 से आर 76 तक 1x2x8.60x0.60=10.32 वर्ग मी0

उपरोक्त कार्य से सम्बन्धित कार्य डेमोलेशन बिलों ग्रांउड लेबल से सम्बन्धित रिकार्ड प्रविष्टियाँ मापन पुस्तिका संख्या 82 के पृष्ठ 89 पर निम्न प्रकार से की गई थी।

कालम आर 72 से आर 76 तक 8.60x0.30x0.60=1.548 घन मी0

इसके अतिरिक्त उपरोक्त कार्य में सी0सी0 1:2:4 से सम्बन्धित किये गये कार्य की गणना मापन पुस्तिका संख्या 82 के पृष्ठ 89 पर निम्न प्रकार से की गई थी।

